एसडीओ ने की जल बचाने को लेकर जागरूक करने की अपील

रादौर/जसवंत : जलापूर्ति विभाग कार्यालय रादौर में जल बचाओ अभियान के तहत एसडीओ रवि नायक ने सभी से जल बचाने को लेकर स्थानीय लोगों को जागरूक करने की अपील की। उन्होंने कहा कि शुद्ध पेयजल आज हर इंसान की जरूरत है, वहीं गर्मियों में पानी की मांग ज्यादा बढ़ जाती है। वही विभाग को पेयजल की बर्बादी रोकने के लिए कड़े कदम उठाने होंगे, तभी भविष्य में जल संचित हो सकेगा। विभाग द्वारा गलियों व सड़कों पर निजी व सार्वजनिक रूप से खुली चल रही टोंटियों में बहते पानी को रोकने के टूंटीयां लगाओ-पानी बचाओ, अभियान् चलाया हुआ है। पेयजल की बर्बादी करने वालो के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करनी चाहिए।

संक्षिप्त खबरें

कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

कुरुक्षेत्र/दुग्गल : उपमंडल अधिकारी नागरिक सुरेंद्र पाल ने कहा कि चुनाव लोकतंत्र के पर्व के रूप में आयोजित किया जाने वाला सबसे महत्वपूर्ण पड़ाव होता है। पूरी दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की चुनाव प्रक्रिया भी अपने आप में बड़ी महत्वपूर्ण है तथा इसकी प्रक्रिया को मतदाताओं के लिए सरल बनाए रखने के लिए सभी कर्मचारियों को बड़ी लगन, मेहनत और निष्ठा से काम करना होता है। अहम पहलू यह है कि इस बार हुए आम चुनाव में प्रदेश व जिला में कहीं भी पुन-मतदान कराए जाने की आवश्यकता नहीं पड़ी, जिसे लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त द्वारा भी कर्मचारियों की सराहना की गई है। एसडीएम सुरेंद्र पाल शुक्रवार को एसडीएम कार्यालय में चुनाव में अच्छा कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित करने के लिए आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे थे। इस दौरान एसडीएम ने चुनाव के दौरान सराहनीय कार्य करने वाले कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया।

गोगा माड़ी परिसर में भंडारे का आयोजन 15 को

रादौर/जसवंत : गोगा माड़ी परिसर रादौर में शनिवार 15 जून को दोपहर 12 बजे गोगा माड़ी की देखरेख करने वाले भक्तो की ओर से विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए गोगा माड़ी के भगत अनिल कश्यप ने बताया कि भंडारे से पूर्व हवन यज्ञ में आहुति डालकर सभी के लिए मंगल कामना की जाएगी। गोगा माडी को लेकर लोगों में भारी आस्था है। लोग प्रसाद चढ़ाकर मन्नते मांगते है। इस अवसर पर अनिल कश्यप, बाबू कश्यप, तरुण, गुलशन, तनुष, सोमप्रकाश, विजय, सचिन, सक्षम, सुनील, नितिन, आदि मौजूद रहे।

गुरुनानक गर्ल्स कालेज ने विश्व पर्यावरण दिवस मनाया

यमुनानगर/ मेहता : गुरुनानक गर्ल्स कालेज में जीव विज्ञान विभाग के इको क्लब के सहयोग से विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। कार्यक्रम एक सप्ताह तक महाविद्यालय के दोनों परिसरों में पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है। कालेज की डायरैक्टर डा. वरिंदर कौर ने कहा कि छात्रों में सतत विकास लक्ष्यों को विकसित करने के लिए वर्तमान जलवायु परिस्थितियों के अनुसार ऐसे आयोजन वैश्विक स्तर पर आयोजित किए जाने चाहिए। प्रिं. डा. हरविंदर कौर ने विश्व पर्यावरण दिवस मनाने के लिए जीव विज्ञान विभाग के प्रयासों की सराहना की। पर्यावरण सप्ताह के दौरान इस वर्ष की थीम- रही卐भूमि बहाली, मरुस्थलीकरण और भूमि अपरदन की रोक और बरसात की कमी से सूखे पर नियंत्रण के अनुसार विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। महाविद्यालय परिसर में लीची, शहतूत, आम एवं नाशपाती आदि फलदार पौधे लगाए गए। इस मौके पर तरणदीप कौर, दीपिका शर्मा, डा. मनदीप कौर, रितु और नेहा और जीवन विज्ञान विभाग के छात्रों ने भाग लिया।

ट्यूबवैल के कमरे से सामान चोरी करने के मामले में गिरफ्तारी

जगाधरी/ राजकुमार शर्मा : पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस चौकी खेड़ी लक्खा सिंह की पुलिस टीम ने ट्यूबवैल के कमरे से लोहे का सामान व लोहे का औजार चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी से चोरी का सामान बरामद किया गया। आरोपी को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। चौकी इन्चार्ज विनोद कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि गांव सिकंदरा निवासी सिंह राम ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि उसके खेतों में ट्यूबल का एक कमरा बना हुआ है। जिसके अंदर कृषि यंत्र, लोहे का सामान व लोहे के औजार भी पड़े हुए हैं। दिनांक 28 मई को सुबह जब उसने अपने ट्यूबवेल का कमरा खोला तो उसको लोहे का सारा सामान गायब मिला। जिसको कोई नाम पता ना मालूम चोर चोरी करके ले गया है। इस सूचना पर एएसआई जसबीर सिंह के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया। जिसकी पहचान सिकंदरा निवासी अंग्रेज सिंह पुत्र सुखविंदर सिंह के रूप में हुई।

पोलिथीन व प्लास्टिक का कचरा है बड़ा खतरा : बीएस मलिक

इन्द्री/अनेजा : उपमंडल के गांव इस्लाम नगर स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में पौधारोपण-पौधापोषण उत्सव आयोजित किया गया। उत्सव में पूर्व उपायुक्त व सेवानिवृत्त आईएएस बीएस मलिक और पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी राजपाल चौधरी ने मुख्य अतिथि के रूप में पौधारोपण किया और उत्सव का शुभारंभ किया। ग्राम सरपंच संगीता देवी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। स्कूल अध्यापक पंकज कंबोज, सुनील कुमार, धर्मवीर लठवाल, अजैब सिंह, सतीश शर्मा, राजेंद्र कुमार ने आए अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समाजसेवी दिलबाग लाठर, अध्यापक महिंद्र खेड़ा, अरुण कैहरबा, मान सिंह चंदेल, सुरेश नगली, जसवंत बांकुरा, देवेंद्र देवा, जगदीश भादसों, रमेश खरक, विजय चोपड़ा, सबरेज अहमद, राजकुमार, कुलदीप रोहिला, सार्थक, सविता देवी और सोनिया देवी सहित अनेक लोगों ने अपना योगदान दिया। सरपंच व अध्यापकों ने आए अतिथियों को स्मृति चिह्न देकर स मानित किया। अध्यापकों व पर्यावरण प्रेमियों को संबोधित करते हुए सेवानिवृत्त आईएएस बीएस मलिक ने कहा कि गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग ना किया जाना पर्यावरण के लिए काफी खतरनाक है। धरती पर बिखरे पोलिथीन व प्लास्टिक के कचरे ने धरती में पानी जाने के रास्तों को बंद कर दिया है।

हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी से संगत का विश्वास खत्म : दीदार सिंह

कहा, सरकार जल्द करवाए चुनाव अन्यथा संगत खुद अपने हाथ में लेगी गुरुघरों की सेवा

उत्तम हिन्दू न्यूज नेटवर्क

कुरुक्षेत्र/दुग्गल : हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी से संगत का विश्वास खत्म हो चुका है। हरियाणा सरकार जल्द से जल्द एचएसजीएमसी के चुनाव कराए, अन्यथा संगत खुद अपने हाथ में गुरुघरों की सेवा संभाल लेगी। मौजूदा कमेटी सिख संगत को गुमराह कर रही है। यह बात एचएसजीएमसी के सदस्य दीदार सिंह नलवी ने कंबोज धर्मशाला में पत्रकार वार्ता में कही। नलवी ने कमेटी के कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि यह कमेटी गुरुघर की गोलक का दुरुपयोग कर रही है, जबकि यह सब रकम गुरुघरों, स्कूल व अस्पतालों के निर्माण पर खर्च होनी चाहिए। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल पर भी आरोप लगाया कि उन्होंने यह कमेटी अपने मन-मुताबिक बनाई थी। इसमें सरकार का पूरा दखल है। आरोप लगाते हुए कहा कि इस कमेटी का कार्यकाल 31 मई को समाप्त हो चुका है, मगर अब भी सरकार चुनाव कराने के पक्ष में नहीं है। मौजूदा कमेटी गुरुघर की गोलक को लूटने-खसोटने का काम कर रही है। चुनाव न होने से संगत में रोष पनप रहा है। इसलिए उनकी सरकार से मांग है कि सरकार तुरंत प्रभाव से कमेटी के चुनाव कराएं। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, गुरुद्वारा चुनाव आयोग व मुख्य सचिव को पत्र लिखा है। इस मौके पर डॉ. राजिंदर सिंह भट्टी, दया सिंह संधू, कुलवंत सिंह नगला, बलजिंद्र सिंह पिपली, गुरमीत सिंह सीवन, अमनदीप कौर सिरसा, दर्शन कौर कालांवाली, बलजिंद्र सिंह बीर रानियां, इकबाल सिंह साहू हिसार, रणजीत सिंह यमुनानगर, इंद्रजीत सिंह, गुरमेल सिंह संधू सहित अन्य मौजूद रहे। 40 में से 27 उम्मीदवार आए सामने- दीदार सिंह नलवी ने बताया कि कमेटी के चुनाव को लेकर संगत में उत्साह है। उनकी संस्था से 40 हलके में से 27 उम्मीदवार उनके सामने आ चुके हैं। उम्मीद है कि बकाया 13 उम्मीदवार भी जल्द सामने आएंगे।

जानकारी देते एचएसजीएमसी मैंबर दीदार सिंह व अन्य।

हरियाणा में 'आप' तीसरी राजनीतिक ताकत के रूप में उभरी : ढांडा

कैथल/गुलाटी : आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने प्रैसवार्ता कर कुरुक्षेत्र लोकसभा में हार पर कांग्रेस नेताओं पर भीतरघात के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के समर्थकों और कार्यकर्त्ताओं के फीडबैक के आधार पर पता चला है जिस विधानसभा में कांग्रेस के कद्दावर नेता और विधायक हैं, वहीं पर इंडिया गठबंधन का हार जाना इत्तेफाक नहीं है। इसकी समीक्षा आने वाले दिनों में की जाएगी। उन्होंने कहा कि पूरे देश में अभी लोकसभा के चुनाव संपन्न हुए हैं। यदि देशव्यापी तरीके से देखें तो इंडिया गठबंधन को जिस मकसद से लोकतंत्र, संविधान और देश की रक्षा के लिए बनाया गया था। उस मकसद में इंडिया गठबंधन काफी हद तक कामयाब हुआ है। जो तानाशाही सरकार थी लोगों उस पर अंकुश लगा दिया है और पूर्ण बहुमत बीजेपी को नहीं दिया। इंडिया गठबंधन अपने मूल मकसद में कामयाब रहा। उन्होंने कहा कि यदि हम हरियाणा को दृष्टि से देखें तो जो बीजेपी पिछली बार 10 सीटों पर जीती थी वो इस बार 5 सीटों पर सिमट गई। इंडिया गठबंधन बीजेपी को सभी 10 सीटों पर बुरी तरह हरा सकता था। लेकिन कुछ वजह ऐसी रही जिस कारण बीजेपी 5 सीटों पर बढ़त मिल गई। यदि ये बढ़त लोगों के समर्थन से मिली होती तो बात समझ में आती और यदि उसकी वजह भीतरघात हो तो उसकी समीक्षा होना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि हम आम आदमी हैं और हमें अरविंद केजरीवाल ने आम आदमी को राजनीति सिखाई है।

जनता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में समर कैंप सम्पन्न

नरवाना/नरेन्द्र जेठी : गांव बेलरखां मे संचालित जनता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पिछले 5 दिनों से चल रहे समर कैंप के आखिरी दिन प्रमाण पत्र देकर कैम्प का समापन किया। इस कैम्प में बच्चों ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में यह पहली बार हैं कि किसी विद्यालय में गर्मियों की छुट्टियों में इस प्रकार का आयोजन किया गया।जिसमें विद्यार्थियों को आर्ट एंड क्राफ्ट, डांसिंग, गायन,योगा, मेडिटेशन, इनके साथ साथ अनेक गतिविधियों के द्वारा बहुत कुछ सीखने को मिला। उन्होंने कहा कि कैम्प के दौरान गर्मी से बचाव का विद्यालय के द्वारा विशेष प्रबंध किया गया था। पीने के पानी के साथ साथ ग्लूकोज की मात्रा भी दी जा रही थी और सुबह के नाश्ते में दूध व जूस भी दिया जाता था।

उन्होंने बताया कि विद्यालय हमेशा शिक्षा के क्षेत्र में विद्यार्थियों को शत प्रतिशत देता हैं। सभी प्रतिभागियों ने विद्यालय कमेटी से मांग भी की है कि इस प्रकार का आयोजन प्रति वर्ष होना चाहिए जिससे बच्चों का सर्वागींण विकास हो सके। विद्यालय के प्रधानचार्य प्रदीप चौपडा व विद्यालय के प्रबंधक सतपाल जागलान दोनों ने संयुक्त रूप से कहा कि पिछले 37 सालों में विद्यालय के द्वारा यह पहला समर कैम्प का आयोजन था और उन्होंने कहा कि विद्यालय की कोशिश रहेगी कि अब यह आयोजन प्रतिवर्ष आयोजित किया जाए।

बैठक में मांगों व समस्याओं के समाधान पर चर्चा

रादौर/जसवंत : कार्यकारी अभियंता के लिखित बुलावे पर ऑल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन रजिस्टर नंबर 681 संबंधित (हरियाणा कर्मचारी महासंघ) की जिला कार्यकारिणी की एक बैठक आयोजित की गई। संबंधित ब्रांचों के प्रधान सचिव प्रांतीय प्रधान नरेंद्र धीमान के नेतृत्व में कार्यकारी अभियंता से कर्मचारियों की मांगों व समस्याओं के समाधान के लिए चर्चा की गई। बैठक में प्रांतीय प्रधान नरेंद्र धीमान द्वारा कर्मचारियों की मांगों में समस्याओं को मजबूती से रखा गया। सभी मांगों में समस्याओं पर कार्यकारी अभियंता से मांग पत्र पर क्रम अनुसार सौहार्दपूर्ण वातावरण में बातचीत संपन्न हुई। इस अवसर पर जिला प्रधान अनिल मुंजाल, जिला सचिव सुखदेव सिंह, सुरजीत सिंह, पवन शर्मा, सियाराम, कश्मीरी लाल, सुरेंद्र शर्मा, सुभाष, जैसमेर सिंह आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

मीडिया में रोजगार की अपार संभावनाएं : प्रो. बिन्दू शर्मा

कुरुक्षेत्र/दुग्गल : कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान मीडिया शिक्षण के क्षेत्र में उत्तर भारत का प्रमुख मीडिया संस्थान माना जाता है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में केयू ने पूरे देश में नैक द्वारा ए प्लस प्लस रैंक के साथ अपनी विशेष पहचान बनाई है। जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान भी पत्रकारिता एवं जनसंचार, ग्राफिक्स एवं एनीमेशन, मल्टीमीडिया, प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग तकनीकी जैसे क्षेत्रों में शिक्षा प्रदान करने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। संस्थान द्वारा स्नातक तथा स्नातकोत्तर स्तर पर अनेक रोजगारपरक पाठ्यक्रम चलाए जा रहे हैं जिनमें दाखिले के लिए आनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 15 जून निर्धारित है। विद्यार्थी कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की वैबसाइट केयूकेडॉटएसीडॉटइन पर जाकर आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्रो. बिन्दू शर्मा ने बताया कि जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के बीए जनसंचार की 50, बीएससी ग्राफिक्स एंड एनिमेशन की 40, बीएससी मल्टीमीडिया की 30 एवं बीएससी प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग टेक्नोलॉजी की 40 सीटों के लिए विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं। इन सभी स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए बारहवीं कक्षा में उतीर्ण विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि स्नातकोत्तर स्तर पर एमए पत्रकारिता एवं जनसंचार की 30 तथा एमएससी जनसंचार की 15, ग्राफिक एनिमेशन एवं मल्टीमीडिया की 15 तथा प्रिंटिंग, ग्राफिक्स एवं पैकेजिंग टेक्नोलॉजी की 15 सीटों पर दाखिले के लिए विद्यार्थी 15 जून 2024 तक आनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर ज्यादा प्रतिभागिता करके कार्यक्रम को बनाया जाएगा भव्य : वैशाली

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर एडीसी ने ली अधिकारियों की बैठक

उत्तम हिन्दू न्यूज नेटवर्क

कुरुक्षेत्र/दुग्गल : अतिरिक्त उपायुक्त डा. वैशाली शर्मा ने कहा कि 21 जून को ब्रह्मसरोवर के पुरुषोत्तमपुरा बाग में 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। आयोजन में अधिक से अधिक प्रतिभागी शामिल होकर कार्यक्रम की भव्यता बढ़ाए। योग करके हम शारीरिक रूप से मजबूत बन सकते है। जिला स्तरीय कार्यक्रम के साथ-साथ ब्लॉक स्तर पर भी कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। अतिरिक्त उपायुक्त डा. वैशाली शर्मा योग दिवस के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में संबंधित अधिकारियों की बैठक ले रही थी। इस मौके पर उनके साथ थानेसर के एसडीएम सुरेंद्र पाल, पिहोवा एसडीएम अमन कुमार, सीटीएम रमन गुप्ता मौजूद रहे। अतिरिक्त उपायुक्त डा. वैशाली शर्मा ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कुरुक्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन ब्रह्मसरोवर पुरुषोत्तमपुरा बाग में किया जाएगा। इसके अलावा जिला के सभी ब्लाकों, जिसमें पिहोवा, शाहबाद, बाबैन, लाडवा, पिपली व इस्माईलाबाद शामिल है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन के साथ-साथ योग समितियां इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए आगे आकर अपनी पूर्ण सहभागिता सुनिश्चित करें ताकि सभी जगहों पर कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया जा सके। उन्होंने यह भी बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम के लिए नोडल अधिकारी नगराधीश रमन गुप्ता नियुक्त किए गए, वहीं ब्लॉक स्तर पर जो कार्यक्रम आयोजित होंगे।

अधिकारियों को संबोधित करती अतिरिक्त उपायुक्त डा. वैशाली शर्मा।

अवैध असले सहित एक युवक काबू

नरवाना/नरेन्द्र जेठी : पुलिस अधीक्षक जींद सुमित कुमार के कुशल नेतृत्व व उप पुलिस अधीक्षक नरवाना अमित कुमार के मार्गदर्शन में कार्य करते हुए सीआईए स्टाफ नरवाना इंचार्ज सुखदेव सिंह की टीम ने अवैध असला धारकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए गुप्त सूचना पर नरवाना से एक अभियुक्त को नाजायज असला सहित धर दबोचा है। आरोपी के कब्जा से एक देशी पिस्टल 32 बोर बरामद हुआ है। आरोपी की पहचान अजय उर्फ धौला वासी नरवाना के तौर पर हुई है। जिसके खिलाफ थाना शहर नरवाना में शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। जानकारी देते हुए सीआईए नरवाना इंचार्ज सुखदेव सिंह ने बताया कि सीआईए नरवाना की टीम एएसआई शमशेर सिंह के नेतृत्व में अपराधों की रोकथाम के लिए नजदीक रेलवे फाटक चमेला कालोनी में मौजूद थी कि उन्हें गुप्त सूचना मिली कि अजय उर्फ धौला वासी नरवाना जो अवैध असला लिए हुए है व इस वक्त देवीलाल स्कूल के नजदीक हिसार रोड पर खड़ा है।

बाल भवन में लगेगा समर कैंप

जगाधरी/ राजकुमार शर्मा : जिला बाल कल्याण अधिकारी सुखविंदर सिंह ने बताया कि उपायुक्त एवं प्रधान जिला बाल कल्याण परिषद कैप्टन मनोज कुमार के मार्गदर्शन में 10 से 25 जून स्कूलों की गर्मी की छुट्टियों में 14 वर्ष तक के छात्रों के लिए बाल भवन यमुनानगर में समर कैंप का आयोजन किया जाएगा जिसमें बच्चे अपनी रूचि के अनुरूप रूचिकर गतिविधियों में हिस्सा ले सकते है। इस कैंप में पेपर आर्ट, क्राफ्ट, ड्राइंग, अप्रयोग मेटिरियल से प्रयोग की वस्तुएं बनाना, गायन और संगीत को सीखना, व्यक्तित्व का विकास और अच्छी आदतें, मिट्टी की क्ले बनाने की कला और उसे रंगना, लड़कियों के लिए मेहंदी, हेयर स्टाइल, त्वचा और बालो की देखरेख, सेल्फ ग्रूमिंग, नाखूनों को सजाने की कला, आत्मरक्षा शिक्षा पर गुणों का आदान प्रदान होगा। कैंप में हिस्सा लेने के लिए कोई फीस नहीं देनी होगी, यह कैंप पूरी तरह से फ्री होगा। उन्होंने बताया कि कैंप का समय सुबह 9.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक का होगा। बच्चों को अल्पाहार भी दिया जाएगा।

सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर-23, शॉल टॉवर, तीसरी मंजिल न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली-110005

आईसीआईसीआई बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रतिभूतिकरण, वित्तीय आस्तियों का पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 एवं प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 सहित पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित कर्ज़दार(रों) को माँग सूचना निर्गमित की गई थी, उक्त सूचना में कहा गया था कि वे सूचना प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर सूचना में उल्लिखित राशि का भुगतान करें।

कर्ज़दार(रों) राशि चुकाने में विफल रहे हैं, अतएव कर्ज़दार और जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त अधिनियम 8 सहित पठित धारा 13(4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित तिथियों पर नीचे वर्णित संपत्ति का अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक कब्ज़ा ले लिया गया है। विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने हेतु सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

क्र. सं.	कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र.	संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि	डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.)	शाखा का नाम
1.	रविंदर सिंह/नीरज रानी/ LBYGR00005393500/ LBYGR00005198524/ LBYGR00005198526	संपत्ति आईडी नंबर RD0140031AA, खेवट नंबर 674, खतौनी नंबर 796, खसरा नंबर 1386, रकबा 7, कनाल 13, मरले 5/306 हिस्सा, जमाबंदी वर्ष 2010-2011, गीता कॉलोनी, तहसील रादौर, जिला यमुनानगर, हरियाणा-135001/ जून 05, 2024	फ़रवरी 07, 2024 रु. 15,02,680/-	यमुनानगर
2.	सुदेश सैनी/ LBYGR00005116061	वाका खसरा नंबर 35//19 वाका मौजा सासोली मौसमा तारापुरी यमुनानगर, तहसील जगाधरी और जिला यमुनानगर नगर निगम सीमा के अंदर, यमुनानगर, हरियाणा- 135001/ जून 05, 2024	फ़रवरी 26, 2024 रु. 3,59,496/-	यमुनानगर
3.	सुदेश सैनी/ LBYGR00002067970	वाका खसरा नंबर 35//19 वाका मौजा सासोली मौसमा तारापुरी यमुनानगर, तहसील जगाधरी और जिला यमुनानगर नगर निगम सीमा के अंदर, यमुनानगर, हरियाणा- 135001/ जून 05, 2024	फ़रवरी 26, 2024 रु. 6,17,252/-	यमुनानगर
4.	सुदेश सैनी/ LBYGR00006310734	वाका खसरा नंबर 35/19 वाका मौजा सासोली मौसमा तारापुरी यमुनानगर, तहसील जगाधरी और जिला यमुनानगर नगर निगम सीमा के अंदर, यमुनानगर, हरियाणा- 135001/ जून 05, 2024	फ़रवरी 26, 2024 रु. 1,00,441/-	यमुनानगर
5.	कमल कुमार/ राजेश कुमार/ मोहित बंसल/ LBYGR00004461984	मकान नंबर 1265/2 Ppid 308C121U241 खेड़ा मोहल्ला, रंदौर रोड, तहसील जगाधरी, यमुनानगर-135001/ जून 05, 2024	जनवरी 15, 2024 रु. 34,92,168/-	यमुनानगर
6.	अजय गोयल/अजय गोयल हफ/ कोमल गोयल/ LBYGR00004881894	संपत्ति आईडी नंबर 2381821, प्लॉट नंबर 96 हाउस नंबर 220, 4/5 बेयरिगं दुकान का हिस्सा बी-2/245 एफ/2 वाका हरि प्रसाद कॉलोनी, तहसील जगाधरी, जिला यमुनानगर हरियाणा- 135001/ जून 05, 2024	फ़रवरी 29, 2024 रु. 12,29,682/-	यमुनानगर
7.	अजय गोयल/अजय गोयल हफ/ कोमल गोयल/ LBYGR00004551990	मकान बेयरिगं बी-2/245 एफ/2, प्रॉपर्टी आईडी नंबर 365C3U290, मकान नंबर 220, हरि प्रसाद कॉलोनी में स्थित पुरानी सब्जी मंडी यमुनानगर तहसील जगाधरी, जिला यमुनानगर में एम.सी. सीमा के भीतर हरियाणा/ जून 05, 2024	फ़रवरी 29, 2024 रु. 48,13,726/-	यमुनानगर
8.	अजय गोयल/अजय गोयल हफ/ कोमल गोयल/ LBYGR00006050201	संपत्ति आईडी-365C20U329A, दुकान नंबर बी-2/252एच का हिस्सा, पुरानी सब्जी मंडी में स्थित सिटी सेंटर रोड, यमुनानगर तहसील जगाधरी जिला यमुनानगर-135001/जून 05, 2024	फ़रवरी 29, 2024 रु. 44,36,294/-	यमुनानगर
9.	अजय गोयल/अजय गोयल हफ/ कोमल गोयल/ LBYGR00004551998	प्लॉट नंबर 96, संपत्ति आईडी 367C70UI90 वाका हरि प्रसाद कॉलोनी, यमुनानगर तहसील जगाधरी, जिला यमुनानगर, एमसी सीमा के भीतर, हरियाणा- 135001/ जून 05, 2024	फ़रवरी 29, 2024 रु. 55,40,734/-	यमुनानगर

उपरोक्त कर्ज़दार(रों)/जमानतदार(रों) को राशि वापस करने के लिए 30 दिन का नोटिस जारी किया जाता है, अन्यथा बंधक रखी गई संपत्ति(याँ) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 और 9 के प्रावधानों के अनुसार इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों के बाद नीलाम कर दी जाएगी।

दिनांक : जून 07, 2024
स्थान : यमुनानगर

भवदीय, अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के लिए

ICICI Home Finance | **कॉर्पोरेट कार्यालय:** आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड आईसीआईसीआई एचएफसी टॉवर अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (ईस्ट), मुंबई-400059, इंडिया

शाखा कार्यालय: प्रथम मंजिल, नं. 159/20, सुधा कॉम्पलैक्स, एटल्स रोड, नजदीक सुभाष चौक, सोनीपत-131001
शाखा कार्यालय: एससीओ 154, प्रथम मंजिल, रेड स्क्वायर मार्केट, यूई-1, नजदीक टेलीफोन एक्सचेंज, हिसार-125001
शाखा कार्यालय: शांति कॉम्पलैक्स, प्रथम मंजिल, बिल्डिंग नं. 4307/12-14, जगाधरी रोड, सामने सिविल अस्पताल, अंबाला कैंट-133001

(नियम 8 (6) का परंतुक देखें)

अचल संपत्तियों की बिक्री हेतू सूचना

सुरक्षाहित (प्रवर्तन) नियमों 2002 के नियम 8 (6) की शर्तों के साथ सुरक्षाहित अधिनियम 2002 के प्रवर्तन और प्रतिभूतिकरण और वित्तीय सम्पत्तियों के विनिर्माण के अन्तर्गत अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री की सूचना।

एतद् द्वारा सार्वजनिक सूचना हेतू और ऋणदाता(ों) और ग्रांटर(ों) के विवरणों में सूचित किया जाता है कि निम्न निर्धारित अचल सम्पत्ति बंधक/चार्जड सिक्योरड क्रैडिटर, आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी द्वारा **फिजीकल कब्जा** 'जैसे है जहां है', 'जैसे है क्या है' और 'जो भी है वहां है' के आधार पर निम्न के अन्तर्गत दिए संक्षिप्त विवरणों अनुसार बिक्री की जाएगी।

क्र. सं.	ऋणदाता(ों)/सह ऋणदाताओं/ ग्रांटरों/कानूनी वारिसों के नाम, ऋण खाता नं.	सुरक्षित सम्पत्ति(ों) के साथ ऋणभार का विवरण यदि कोई हो	बकाया राशि	आरक्षित कीमत जमा धरोहर राशि	जांची गई सम्पत्ति की तिथि एवं समय	निलामी की तिथि एवं समय
(क)	(ख)	(ग)	(घ)	(ङ)	(च)	(छ)
1.	अमित कुमार (ऋणदाता) कविता (सह-ऋणदाता) Loan A/c No. LHSNP00001277768 & LHSNP00001277770	एक किता प्लाट 2 मरले किला नं. 150 (0-2), 2 मरले किला नं. 149 (0-2), 2 मरले किला नं. 151 (0-2) एवं 2 मरले किला नं. 24//8/1/(0-8) वाक्या अंडर गांव सलीमसर माजरा सोनीपत-131022	रु. 36,31,284/-, 04, जून 2024	रु. 34,11,072/- रु. 3,41,110/-	08 जुलाई 2024 को प्रात: 11 बजे से सायं 3.00 बजे तक	16 जुलाई 2024 को सायं 02:00 बजे से सायं 03:00 बजे तक
2.	संदीप कुमार पुनिया (ऋणदाता) कविता (सह-ऋणदाता) Loan A/c No. LHHIS0000 1286516	एनए अर्बन एस्टेट हिसार 1267 हिसार हरियाणा-125001	रु. 68,17,396/-, 04, जून 2024	रु. 2,86,49,700/- रु. 28,64,970/-	08 जुलाई 2024 को प्रात: 11 बजे से सायं 3.00 बजे तक	16 जुलाई 2024 को सायं 02:00 बजे से सायं 03:00 बजे तक
3.	नीरज गुप्ता (ऋणदाता) बरखा वैश्य Loan A/c No. LHAMB00001357903 & LHAMB00001357902	लाडवा जिला कुरुक्षेत्र सम्पत्ति आईडी पी02912081331 एवं पी0291208133 कुरुक्षेत्र हरियाणा-136118	रु. 10,46,224/-, 04, जून 2024	रु. 31,64,419/- रु. 3,16,450/-	08 जुलाई 2024 को प्रात: 11 बजे से सायं 3.00 बजे तक	16 जुलाई 2024 को सायं 02:00 बजे से सायं 03:00 बजे तक

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी **ग्लोब टैक** की वेबसाइट (**यूआरएल लिंक- https://BestAuctionDeal.com**) पर आयोजित की जाएगी। गिरवी रखने वालों को नोटिस **15 जुलाई, 2024 तक सायं 5.00 बजे** से पहले अतिरिक्त ब्याज के साथ कुल देय राशि का भुगतान करने का अंतिम मौका दिया जाता है अन्यथा इन सुरक्षित संपत्तियों को उपरोक्त अनुसूची के अनुसार बेचा जाएगा।

संभावित बोलीदाताओं को **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, प्रथम मंजिल, नं. 159/20, सुधा कॉम्पलैक्स, एटल्स रोड, नजदीक सुभाष चौक, सोनीपत-131001** में बयाना राशि जमा (ईएमडी) आरटीजीएस/ डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) (कॉलम ई देखें) **या 15 जुलाई, 2024 सांय 4:00 बजे** से पहले जमा करना होगा। संभावित बोलीदाता(ों) पंजीकरण फार्मो और बोली के नियम एवं शर्तों की हस्ताक्षरित प्रति **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, प्रथम मंजिल, नं. 159/20, सुधा कॉम्पलैक्स, एटल्स रोड, नजदीक सुभाष चौक, सोनीपत-131001** में या **15 जुलाई, 2024 को सायं 05.00 बजे से** पहले जमा की जा सकती है। बयाना राशि जमा डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) एक राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से '**आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड-नीलामी**' के पक्ष में **सोनीपत, हिसार, कुरुक्षेत्र** में देय होना चाहिए।

निरीक्षण, नीलामी के नियम और शर्तों या निविदा जमा करने के संबंध में किसी भी स्पष्टीकरण के लिए, कृपया **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड से 9920807300** या **अन्य सेल्ज एंड मार्केटिंग पार्टनर NexXen Solutions Private Limited** से संपर्क करें।

प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए किसी या सभी बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया देखें **https://www.icicihfc.com/**

तिथि: जून 08, 2024
स्थान: सोनीपत, हिसार, कुरुक्षेत्र

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड